प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

होली पर्व

रंगों का त्यौहार होली आज देश सहित प्रदेश में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और बसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। होली पर्व को लेकर प्रदेश भर में हर आयु वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। इस पर्व के दौरान लोग डी.जे. की धुनों पर नाचते–गाते नज़र आए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोकभवन शिमला में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। राज्यपाल ने होली की शुभकामनाएं देते हुए लोगों को आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

वहीं मुख्यमंत्री के आवास में भी होली का खूब जश्न देखा गया। राज्य सरकार के मंत्री वरिष्ठ नेता और प्रशासनिक अधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को होली की बधाई देने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने लोगों को होली की बधाई देते हुए सभी की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी अपने सरकारी आवास पर भाजपा नेताओं के साथ होली खेली।

सिरमौर–होली

सिरमौर जिले में भी होली पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। नाहन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल व सांसद सुरेश कश्यप ने पार्टी कार्यकर्ताओं व आम लोगों के साथ होली मनाई। इस अवसर पर राजीव बिंदल ने कहा कि होली रंगों और खुशियों के साथ–साथ समाज के लिए एकता का संदेश देने वाला त्यौहार है। सुरेश कश्यप ने कहा कि ये त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और यही कारण है कि देश भर में इसे धूम–धाम से मनाया जाता है।

सुजानपुर होली

दूसरी ओर हमीरपुर जिले के सुजानपुर में राष्ट्रस्तरीय होली मेला आज संपन्न होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस चार दिवसीय महोत्सव समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा बजट सत्र का दूसरा चरण 18 मार्च से आरंभ होगा। ये सत्र 2 अप्रैल तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस दौरान सदन की कुल 13 बैठकें होंगी। 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि 23 से 25 मार्च तक बजट पर चर्चा व कटमोशन प्रस्ताव होगा जबकि 28 मार्च को सदन में बजट पारित किया जाएगा।

सीबीएसई–हाईकोर्ट

प्रदेश में सीबीएसई से संबद्ध किए जा रहे सरकारी स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। अदालत ने एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। टीचर्स ज्वाइंट फ्रंट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव भूषण ने दलील दी कि राज्य सरकार ने 134 स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध करने का निर्णय लिया है, जिस पर शिक्षकों को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन नियुक्ति के लिए तय की गई नई चयन प्रक्रिया से अस्थिरता की स्थिति पैदा होगी।

इको टूरिज्म

प्रदेश सरकार द्वारा इकोटूरिज्म के तहत कुल्लू जिला के अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है। वन वृत्त कुल्लू द्वारा 16 से अधिक इको टूरिज्म साइट्स को चिन्हित किया गया है जिनमें पांच इको टूरिज्म साइट्स को खुली नीलामी के जरिए दिया गया है जिसमें एक हेक्टेयर वन भूमि पर पर्यटकों को सुविधा प्रदान की जा रही हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददता.........

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों की आर्थिकी को बढ़ाने के लिए इको टूरिज्म साइट्स को विकसित किया जा रहा है। इससे स्थानीय युवाओ को भी रोजगार मिलेगा। कुल्लू जिला में काईस धार, सोलंगनाला, कसोल, सुमारोपा, खीर गंगा बिन्द्रावणी इत्यादि साइट्स से वन विभाग को सालाना डेढ़ करोड़ रुपए के राजस्व प्राप्त हो रहा है स इसके अलावा नौ अन्य इको टूरिज्म साइट्स को भी चिन्हित किया गया है स इको टूरिज्म साइट्स को 10 साल के लिए आक्शन किया जा रहा है जबकि इसे 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

……